रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम )
RailTel Corporation of India Ltd. ( A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

**दिनांक- 3-01-2023**

## प्रेस विज्ञप्ति

**रेलटेल ने पूरे भारत में 6108+ उन रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई मुद्रीकरण (Monetisation) परियोजना की शुरुआत की है, जहां पहले से ही रेलटेल का फ्री पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क उपलब्ध है।**

**इस परियोजना के लिए, रेलटेल ने मुंबई स्थित एक वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी, मैसर्स 3i इंफ़्रोटेक लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम के साथ एक 5 वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।**

**इससे लक्ष्य आधारित विज्ञापनों के माध्यम से वाई-फाई फुटफॉल्स को मॉनिटाइज़ करके राजस्व उत्पन्न करने और रेल यात्रियों के लिए मल्टीमीडिया इन्फॉटेनमेंट सर्विसेस का विस्तार करने में मदद मिलेगी।**

**इससे रेलवे स्टेशनों पर स्थापित पब्लिक वाई-फाई से रेल यात्रियों के लिए डिजिटल अनुभव बदलेगा ।**

**इसके अलावा, 3i इन्फॉटेक द्वारा एक मोबाइल "सुपर ऐप" लांच की जाएगी जिससे लॉगिन्स को सरल बनाया जा सकेगा, जिसमें अनेक इन्फॉटेनमेंट सब्सक्रिप्शन एवं ट्रेन संबंधी जानकारी दी जाएगी जिससे अनेक स्तरों पर ग्राहकों के साथ समन्वय बढ़ेगा और उपयोगकर्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी, और इस प्रकार डिजिटल विज्ञापनों के बाज़ार, रीजनल और हाइपर-लोकल विज्ञापनों के लिए उपयुक्त प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा।**

**वाई-फाई नेटवर्क पर मॉनिटाइजेशन के इस पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप से वास्तव में रेल यात्रियों की डिजिटल यात्रा में बदलाव आएगा, इससे ग्राहकों को एक अलग तरह का अनुभव प्राप्त होगा :श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल।**

*******************************************************************

रेल मंत्रालय के अधीन एक मिनी रत्न पीएसयू रेलटेल ने पूरे भारत में 6108+ उन रेलवे स्टेशनों पर एक वाई-फाई मुद्रीकरण (Monetisation) परियोजना की शुरुआत की है, जहां पहले से ही रेलटेल का फ्री पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क उपलब्ध है। इस परियोजना के लिए, रेलटेल ने मुंबई स्थित एक वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी, मैसर्स 3i इंफ़्रोटेक लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम के साथ एक 5 वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। फॉरेंसिक इंटेलिजेंस सर्विलांस एवं सिक्योरिटी टेक्नोलॉजिज प्राइवेट लिमिटेड और येलो इंक. कंसोर्टियम की अन्य सदस्य कंपनियां हैं।

इस संविदा के तहत, विश्व के सबसे बड़े इंटीग्रेटिड पब्लिक वाई-फाई नेटवर्कों में से एक इस नेटवर्क में लक्ष्य आधारित विज्ञापनों के माध्यम से और रेल यात्रियों के लिए मल्टीमीडिया इन्फॉटेनमेंट सर्विसेस के विस्तार से वाई-फाई फुटफॉल्स को मॉनिटाइज़ करके राजस्व उत्पन्न किया जा सकेगा। यह भारत का पहला Multi Year वाला वाणिज्यिक करार है जिससे समन्वित प्रयासों के माध्यम से पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क से जुड़े ग्राहकों को मॉनिटाइज़ किया जा सकेगा । इससे रेलवे स्टेशनों पर स्थापित पब्लिक वाई-फाई से रेल यात्रियों के डिजिटल अनुभव में एकदम बदलाव आएगा।

संविदा के अनुसार, 3i इन्फॉटेक के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम रेलटेल को प्रति वर्ष 14 करोड़ रु. अथवा अर्जित राजस्व के 40% के बराबर राशि (इनमें जो भी अधिक हो) का भुगतान करेगा। इसमें राजस्व मुख्य रूप से विज्ञापनों एवं कंटेंट की सपोर्ट वाले/ सर्विसेस-बेस्ड राजस्व से प्राप्त होगा और 3i इन्फॉटेक के अनुमान के अनुसार इस परियोजना की समेकित राजस्व क्षमता 5 वर्ष की अवधि में 250 करोड़ रु. से ऊपर होने की उम्मीद है।

रेलटेल का पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क अब भारत में 6108 रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है और इसके प्रतिदिन यूनिक यूजर्स की संख्या 1.1 मिलियन से भी अधिक है। इस समन्वित सौदे से, स्टेशनों पर स्थापित वाई-फाई से वाई-फाई उपयोगकर्ताओं को एक नया डिजिटल अनुभव प्राप्त होगा।

इसके अलावा, 3i इन्फॉटेक द्वारा एक मोबाइल "सुपर ऐप" लांच की जाएगी जिससे लॉगिन्स को सरल बनाया जा सकेगा, जिसमें अनेक इन्फॉटेनमेंट सब्सक्रिप्शन एवं ट्रेन संबंधी जानकारी दी जाएगी जिससे अनेक स्तरों पर ग्राहकों के साथ समन्वय बढ़ेगा और उपयोगकर्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी, और इस प्रकार डिजिटल विज्ञापनों के बाज़ार, रीजनल और हाइपर-लोकल विज्ञापनों के लिए उपयुक्त प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा।सुपर ऐप का उद्देश्य, उपयोगकर्ताओं, उपयोग और इस पर बिताए

जाने वाले समय के संदर्भ में, भारत की सबसे बड़ी ऐप में से एक बनना है। उपयोगकर्ताओं और उपयोग में अत्यधिक बढ़ोतरी से टूर प्लानर्स एवं टैक्सी समूह आकर्षित होंगे ताकि वे रेल यात्रियों को अपने आगे की सेवा प्रदान कर सकें ।

सुपर ऐप की बेहतरीन इन्फॉटेनमेंट सर्विसेस का लक्ष्य कस्टमाइज्ड कंटेंट पैक्स, ई-टिकटिंग, रेलवे से संबंधित जानकारी और अन्य वैल्यू एडिड सर्विसेस के माध्यम से रेलवे स्टेशनों से परे उपयोगकर्ताओं को जोड़ने का है। सुपर ऐप में कुलियों की मैपिंग, फूड सप्लायर्स/एग्रीगेटर्स, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं आदि जैसी मूल्य वर्धित डिजिटल सेवाओं के अलावा मापने योग्य मापदंडों के साथ दैनिक शिकायत प्रबंधन प्लेटफॉर्म के लिए रेलवे यात्रियों और रेलवे परिचालन इकाइयों को करीब लाने की भी क्षमता होगी।

इस संविदा के अंतर्गत, 3i इन्फॉटेक के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा एज कंप्यूटिंग एवं एज एनालिटिक्स की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि कंटेंट और विज्ञापनों को बेहतर रूप देने के लिए अत्यधिक लोचशीलता और अवसर प्रदान किए जा सकें।

**इस संबंध में बताते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने कहा**, "वाई-फाई नेटवर्क मॉनिटाइजेशन पर इस पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप से वास्तव में रेल यात्रियों के अनुभव में बदलाव होगा, इसमें ग्राहकों को एक भिन्न डिजिटल अनुभव मिलेगा। इसके अतिरिक्त, इससे विज्ञापनदाताओं को एक अवसर भी प्राप्त होगा कि वे रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध व्यापक रूप से रेलटेल के इंटीग्रेटिड पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क में देश के सबसे बड़े वाई-फाई फुटफाल का उपयोग कर के उपयोगकर्ताओं को अपनी कस्टमाइज़ सेवाएं एवं कंटेंट डिलीवर कर सकेंगे। इस क़दम से भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन को भी मदद मिलेगी। इससे रेलटेल को अपने राजस्व के स्रोत में वृद्धि करने में भी मदद मिलेगी।"

**इस करार के बारे में बताते हुए श्री थॉमसन पी. गैनम, प्रबंध निदेशक एवं ग्लोबल सीईओ, 3i इन्फॉटेक ने कहा** कि "रेलटेल के साथ यह महत्वपूर्ण भागीदारी होने जा रही है। यह हमारे और रेल यात्रियों के लिए एक उल्लेखनीय क्षण है, जब इस प्रोजेक्ट के माध्यम से इतने बड़े पैमाने पर डिजिटिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। नीतिगत तौर पर यह प्रोजेक्ट हमारी एज कंप्यूटिंग क्षमताओं के विस्तार का एक उपयुक्त कदम है। एज एप्लीकेशन सुपर ऐप है जिसे हम वाई-फाई मोनिटाइजेशन प्रोजेक्ट के लिए विकसित करने का काम करेंगे। हमें आशा है कि हमें विज्ञापनों और मार्केटर्स से अच्छा समर्थन मिलेगा।"

**रेलटेल के बारे में :**
रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य भी किया जा रहा है और इस समय 6100+ स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

**3i इन्फॉटेक के बारे में**
वर्ष 1993 में अपनी स्थापना के बाद मुंबई स्थित मुख्यालय वाली यह कंपनी विविध औद्योगिक कार्यक्षेत्रों में सशक्त बिजनेस वैल्यू के लिए प्रतिबद्ध है। बीएफएसआई, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग, एजुकेशन, टेलीकॉम, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, रिटेल और सरकारी क्षेत्रों में गहन डोमेन विशेषज्ञता के साथ 3i इंफोटेक आज डिजिटल परिवर्तन पहल की वर्तमान लहर को आगे बढ़ाने में एक अग्रणी नाम के रूप में उभरा है। डिजिटल और क्लाउड-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ, और एज कंप्यूटिंग, कॉग्निटिव एआई/एमएल, डेटा साइंस और एनालिटिक्स और ब्लॉकचैन में 5जी को शामिल करने वाली आईटी सेवाओं और समाधानों की एक श्रृंखला के साथ, 3आई इंफोटेक ने 50 देशों में 1,200+ ग्राहकों के व्यावसायिक संचालन को सफलतापूर्वक बदल दिया है।

**अधिक जानकारी के लिए देखें** :
**sucharita@railtelindia.com**